Need to set up Mobile Training Centres for farmers in every Panchayat in Maharajganj Parliamentary Constituency ? laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): हमारे देश में लगभग 60% जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर आधारित है । इस परिस्थिति में स्वाभाविक है कि देश के सभी हिस्सों में किसानों की आबादी कमोवेश इसी अनुपात में होगी । मेरा भी संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, बिहार, एक ग्रामीण और कृषि बाहुल्य क्षेत्र है, जहां पर प्रत्येक प्रकार के फसलों का उत्पादन किसानों द्वारा किया जाता है । हमारे क्षेत्र के किसान आज भी समुचित प्रशिक्षण के अभाव में खेती कर फसलों के उत्पादन करने में पिछड़े हैं । इसलिए हमारे क्षेत्र के किसानों को विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता है । किसानों के विशेष प्रशिक्षण के लिए मेरे क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में नए रूप में "चलंत किसान प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ कर अधिक से अधिक किसानों को में प्रशिक्षण दिया जा सकता है । इससे हमारे किसान अधिक से अधिक उत्पादन कर अपनी आय में बढ़ोतरी करते हुए अपना जीवन बेहतर बना सकते हैं । अतः सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक पंचायतों में किसानों के लिए चलंत किसान प्रशिक्षण केंद्र खुलवाया जाए ।